मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ■ अंक - 24 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 06 से 12 मार्च 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये

## मुंबई की सड़कों पर लगेगा यूरोप जैसा फर्नीचर

# मुंबईकरों को मिलेगी नई सुविधा

**मुंबईः** मुंबई को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान देने के लिए बीएमसी करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। इसी क्रम में बीएमसी ने मुंबई में यूरोपीय देशों की तरह स्ट्रीट फर्नीचर लगाने का फैसला किया है। इन स्ट्रीट फर्नीचर में सीट्स, ट्री ग्रेट्स, बेंच रेलिंग बोलार्ड आदि शामिल होंगे। फर्नीचर के आसपास सुंदरता बढ़ाने के लिए बीएमसी फ्लॉवर पॉट्स और आधुनिक सुविधाओं से लैश डस्टबिन भी रखेगी। बीएमसी मुंबई की सड़कों पर फर्नीचर लगाने में 263 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बीएमसी को उम्मीद है कि इससे देशी-विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे। साथ ही सीनियर सिटिजन के लिए यह काफी फायदेमंद साबित होगा। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि जोन-1 (दक्षिण मुंबई) को छोड़कर अन्य सभी 6 जोन में आधुनिक स्ट्रीट फर्नीचर लगाए जाएंगे। यानी दादर से मुलुंड और बांद्रा, अंधेरी, बोरीवली सहित दहिसर तक यह फर्नीचर लगाए जाएंगे। यह फर्नीचर आधुनिक, आकर्षक और टिकाऊ होंगे। विशेष रूप से फुटपाथों पर जहां भी संभव हो, ऐसे फर्नीचर लगाए जाएंगे, जो नए और कलात्मक हों।



इनसे एरिया की सुंदरता को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारी ने बताया कि स्ट्रीट फर्नीचर के लिए सीट्स दो तरह के, ट्री ग्रेट्स दो प्रकार के, डस्टबिन, फ्लॉवर पॉट्स 3 तरह के बेंच रेलिंग्स बोलार्ड 2 प्रकार के लगेंगे। अधिकारी ने कहा कि मुंबई में इस तरह के फर्नीचर पहली बार लगेंगे। ऐसे फर्नीचर यूरोपीय देशों खासकर लंदन में लगे होते हैं।

शहर को खूबसूरत बनाने के लिए बीएमसी पिग्मेंटेड कंक्रीट फिनिश्ड सिंली ड्रिकल क्वालिटी के 2913 फर्नीचर लगेंगे, पिग्मेंटेड कंक्रीट फिनिश्ड स्क्वेयर क्वालिटी के 2773, फिनिश्ड स्क्वेयर ट्री ग्रेट क्वालिटी के 6867 सीट, सर्क्युलर ट्री ग्रेट के 4132 सीट, रेक्ट ग्युलर ग्लास फायबर रेनफोर्डस , पॉलिमर फ्लॉवर पॉट्स और प्लांट प्लांटर के 3719 और 3067 सिंडी ड्रिकल डस्टबिन लगाए जाएंगे।

# शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील

## कोई हुड़दंग करता है तो पुलिस उस पर कर सकती है कार्रवाई

**मुंबई :** दिलों को जोड़नेवाली होली के त्योहार को लेकर हिंदुस्थान भर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुंबई में हर साल एकजुटता के साथ होली धूमधाम से मनाई जाती है। होली को लेकर कई हॉउसिंग सोसाइटी ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि पानी को बेवजह बर्बाद न करें। इसके अलावा सभी से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई है। अगर कोई हुड़दंग करता है तो पुलिस उस पर कार्रवाई भी कर सकती है। इन सबके बीच चर्म रोग विशेषज्ञ लोगों को सलाह दे रहे हैं कि होली में अपने होंठ को बचाने में विशेष ध्यान दें, अन्यथा

बता दें कि मुंबई में ८ मार्च को होली मनाई जाएगी। इससे पहले ७ मार्च को शाम ६.२४ से ८.५१ बजे तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। होलिका दहन को लेकर भी लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुंबई में होली को लेकर लोगों में भारी उत्साह भी देखने को मिल रहा है। हालांकि, लोगों से अपील की गई है कि वे शांतिपूर्वक इस त्योहार को मनाएं। इसके साथ-साथ अगर



कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

बता दें कि मुंबई और आसपास की जगहों पर हर साल होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। यहां कई तरह के इवेंट्स भी होते हैं, जिसे लोग जमकर एन्जॉय करते हैं।

मुंबई के एफडीए कमिश्नर शशिकांत काकरे ने कहा कि केमिकल युक्त रंग बनाने वालों की खैर नहीं है। हानिकारक केमिकल युक्त रंग की शिकायत मिलने पर उसके सैंपल लिए जाएंगे और जांच में इसकी पुष्टि होती है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मुंबई में चार ड्रग इंस्पेक्टर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

केमिकल युक्त रंग त्योहार को बदरंग कर सकता है। केमिकल युक्त रंग से बचने के लिए पहले से ही तैयारी कर लें।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री के चचेरे भाई ने की आत्महत्या



**मुंबई :** महाराष्ट्र के लातूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल चाकुरकर के एक रिश्तेदार ने अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चंद्रशेखर (81 वर्षीय) को हनमंतराव पाटिल नाम से भी जाना जाता था। सुबह करीब साढ़े आठ बजे लाइसेंसी रिवॉल्वर से उन्होंने खुद को गोली मार ली। वह पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल चाकुरकर के चचेरे भाई थे। हनमंतराव पाटिल, पूर्व मंत्री के ह्रदेवघरह्न आवास के करीब रहते थे और अक्सर आते-जाते थे। अधिकारी ने बताया कि वह कई वर्षों से किसी बीमारी से परेशान थे। उन्होंने बताया कि घटना के समय मंत्री का बेटा वहां मौजूद था और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश देवरे, पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र जगदाले और अन्य सहित वरिष्ठ अधिकारी जांच के सिलसिले में घटनास्थल पर मौजूद हैं।

## भा.ना.क.वि.से.स.संस्था के वरिष्ठ संरक्षक श्री अनिल शर्मा का जौनपुर आगमन पर भव्य स्वागत

**जौनपुरः** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि0संस्था के वरिष्ठ संरक्षक मा0अनिल शर्मा(कदम कदम पर समाचार पत्र) मुम्बई महाराष्ट्र से चलकर जौनपुर पहुंचे।सबसे पहले मा0अनिल शर्मा जी संस्था कार्यालय समसपुर, खपरहा पहुंचे। वहा संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा,जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने मा0अनिल शर्मा जी का भव्य स्वागत अंगवस्त्र,हाथ में नारियल,सर पर साफा व गले में सुन्दर सा माला पहनाकर स्वागत किया गया।सुरेश कुमार शर्मा(पत्रकार) ने पूछा जननायक कर्पूरी ठाकुर मूर्ति स्थापना व संस्था के विषय में जानकारी दें। मा0अनिल शर्मा ने मूर्ति स्थापना के लिए बताया कि मैं तन मन धन से लगा हूं जो भी सहयोग होगा मूर्ति में करूंगा।

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जो भी कार्य कर रही हैं अपने जिले ही नहीं पूरे देश प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं तत्पश्चात संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ,जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा के साथ मा0 अनिल शर्मा ग्राम सभा खानापट्टी मा0लाल जी शर्मा पूर्व अध्यापक के यहां में अखंड रामायण में पहुंचकर सभी स्वजातीय भाइयों से आशीर्वाद प्राप्त किये वहां से चलकर ग्राम सभा सुल्तासापुर मा0पुरुषोत्तम शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किए वहा डा0वी.के.शर्मा,डा 0हिमांशु शर्मा,संगठन मंत्री शैलेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। इसके बाद गोहदा श्री पंचम बेडसड़ी में पहुंचकर श्री पूर्णमासी शर्मा व डा0 राजेंद्र प्रसाद शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किए।डा0साहब ने मा0अनिल शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किए।




राम शर्मा के पुत्र के मृत्यु के पश्चात पहुंचकर उन्हें सांत्वना दीजिए वहां से चलकर ग्राम सभा मुकुंदीपुर संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा के माता जी से आशीर्वाद प्राप्त किए तत्पश्चात ग्रामसभा और कई ग्राम सभा लोकासराय, खमपुर, सुजियामऊ में जाकर अपने स्वजातीय भाइयों से औपचारिक मुलाकात किए। मा0 अनिल शर्मा जी को संस्था की तरफ से बहुत-बहुत बधाई ।

## निजी वाहनों को सब्सिडी योजना में

# शामिल नहीं किया जाएगा

**मुंबईः** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी देने की योजना भी बनाई थी। लेकिन अब सरकार ग्रीन एनर्जी का गला यह निर्णय लेकर घोट रही है कि वह केवल कमर्शियल वाहनों को ही सब्सिडी देने में अब समर्थ है। केंद्र सरकार का कहना है कि निजी उपयोग के वाहनों को सब्सिडी योजना में शामिल नहीं किया जाएगा।

बता दें कि इलेक्ट्रिक बसों की मांग तेजी से बढ़ रही है। केंद्र सरकार ने हाल ही में निजी इलेक्ट्रिक वाहनों



पर सब्सिडी देने से साफ इनकार कर दिया है।

सरकार ने यह साफ कर दिया है कि ई-बस की कंपनियों को ई-बसों के निर्माण पर सब्सिडी नहीं दी जाएगी, वहीं सरकार ने सफाई देते हुए कहा है कि नई ई-बस की कीमतें, भारी सब्सिडी के बिना भी, डीजल और सीएनजी की परिचालन लागत से कम है।

इसी के तहत केंद्र ने इलेक्ट्रिक बस बनानेवालों को बिना सब्सिडी के कारोबार के लिए तैयारी करने के लिए फीलर्स भेजे हैं।






## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# विधानसभा चुनाव परिणाम

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम भाजपा के लिये उत्साहवर्धक और कांग्रेस के लिये चिंता बढ़ाने वाले साबित हो रहे हैं। देश के लिये अच्छी बात यह है कि अब तक अलग-थलग पड़ा पूर्वोत्तर देश की मुख्यधारा के करीब आ रहा है। निस्संदेह, कभी वामपंथियों का गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा की जीत चौंकाने वाली है, वहीं नगालैंड में फिर उसके गठबंधन की सरकार लौट रही है। इस राज्य में भाजपा ने पहली बार दहाई का आंकड़ा छुआ है। भाजपा जहां मजबूत रही वहां वह खुद सरकार बना रही है और जहां कमजोर है वहां छोटे दल के रूप में भूमिका स्वीकार कर ली है। मेघालय में वोट प्रतिशत बढ़ने को भाजपा अपनी कामयाबी बता रही है। कह सकते हैं कि पूर्वोत्तर को केंद्रीय एजेंडे में रखना भाजपा के लिये लाभदायक साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर के लगातार दर्जनों दौरों का असर भी चुनाव परिणामों पर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर को देश की मुख्यधारा में लाने के लिये कहते भी रहे हैं कि नॉर्थ ईस्ट न दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर। बहरहाल, त्रिपुरा और नगालैंड में बीजेपी की सरकार बनना और मेघालय में सरकार बनाने में भूमिका की कोशिशें इस साल कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। बहरहाल, त्रिपुरा में भाजपा व इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा की सरकार बन रही है। मेघालय में उसकी कोशिश है कि पिछले गठबंधन के साथी रहे एनपीपी के साथ फिर से सरकार बना ली जाये। इस बाबत बातचीत के शुरूआती संकेत यही बताते हैं। वहीं नगालैंड में भाजपा एनडीपीपी के साथ सरकार बना रही है। पहली बार बारह सीटें जीतकर भाजपा ने बताया है कि उसका जनाधार बढ़ रहा है। नगालैंड व मेघालय में भाजपा को सत्ता में छोटा साझीदार बनने में कोई परहेज नहीं है। दरअसल, भाजपा की सारी रणनीतियां 2024 के महासमर के दृष्टिगत केंद्रित हो चली हैं।

त्रिपुरा में कामयाबी खुद भाजपा के लिये भी चौंकाने वाली है क्योंकि पहली बार दो विरोधी ध्रुव कांग्रेस व वामदल मिलकर चुनाव लड़े थे। वहीं दूसरी ओर अलग स्टेट की मांग कर रही टिपरा मोर्था से भाजपा गठबंधन का कड़ा मुकाबला था, जिसने कांग्रेस व वाम गठबंधन से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। हालांकि, कड़े मुकाबले में भाजपा गठबंधन की सीटें कम हुई हैं, लेकिन फिर भी बहुमत से अधिक सीटें उसके पास हैं। बहरहाल, तीनों राज्यों के चुनाव परिणामों से भाजपा खासी उल्लासित है और उसका नजारा दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नजर आया। सही मायनों में भाजपा इन चुनाव परिणामों के निष्कर्षों को इस वर्ष होने वाले महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व कर्नाटक के चुनावी समर तक लेकर जाना चाहती है। वह तीन राज्यों के चुनावों में मिली सफलता से नया विमर्श गढ़ने की कोशिश में है। उसके लिये हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर के मोदी-शाह की भूमिका निभाई है। उन्हें पूर्वोत्तर में भाजपा का चाणक्य कहा जाता है। बहरहाल, अच्छी बात यह है कि भाजपा की सक्रियता के बाद पूर्वोत्तर न केवल राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ता नजर आया बल्कि अलगाववादी आंदोलनों पर भी लगाम लगी है। भाजपा ने इस मिथ को भी तोड़ने का प्रयास किया कि दिल्ली में बैठी सरकारें पूर्वोत्तर के विकास के साथ सौतेला व्यवहार करती हैं। भाजपा के प्रयासों से हिमंत बिस्वा के संयोजन में पूर्वोत्तर के लिये गठित नॉर्थ-ईस्ट डेवलपमेंट अलायंस यानी नेडा का गठन भी निर्णायक साबित हुआ है। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस मुक्त पूर्वोत्तर के नारे के साथ असम, त्रिपुरा आदि राज्यों में सरकारें बनायीं। वहीं दूसरी ओर ईसाई व आदिवासी बहुल इलाकों में पकड़ मजबूत बनाकर भाजपा यह संदेश देने की भी कोशिश में है कि वह अल्पसंख्यक विरोधी नहीं है। बहरहाल, भाजपा ने कुशल चुनावी रणनीति और स्थानीय मुद्दे भुनाने की कला से पूर्वोत्तर में नई इबारत लिख दी हैं। वैसे पूर्वोत्तर राज्य विकास के लिये दिल्ली में सत्तारूढ़ सरकार के साथ तालमेल बनाने के पक्षधर रहे हैं।

# नितेश के गीत और अमृता के नृत्य ने समा बांधा

## बैगलेस डे पर स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**कोयलीबेड़ा, कांकेर।** बच्चों के सहसंज्ञानात्मक विकास हेतु प्रति शनिवार को बैगलैस डे



मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थी बिना बस्ता लिए शाला आते हैं एवं पढ़ाई लिखाई के साथ साथ जीवन के लिए आवश्यक अन्य गतिविधियां सीखते हैं। इस दिन बच्चों को अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाता हैं। ज्ञात हो कि प्राथमिक शाला ही बच्चों के जीवन को गढ़ने के लिए नींव का काम करती है। यहां से यदि बच्चे थोड़ा बहुत भी सीख लेते हैं तो वह आगे जीवन में सफलता हासिल करने में बेझिझक हो जाते हैं। इसी उद्देश्य के तहत शासकीय प्राथमिक शाला पी वी 22 संकुल व पी वी 23 में बैगलैस डे पर विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। जैसे विभिन्न खेल गीत कविता नृत्य पुस्तक वाचन योगा पीटी कदमताल आदि। शासकीय प्राथमिक शाला पी वी 22 में छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया।

नितेश मल्लिक एवं साथियों के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। प्रियसी विश्वास एवं साथियों के द्वारा कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मोहित सरकार एवं साथियों के द्वारा जय हो जय हो गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया ।कुमारी मुस्कान बैद्य कक्षा दूसरी की छात्रा द्वारा बांग्ला गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। अमृता विश्वास कक्षा दूसरी एवं साथी के द्वारा मैया यशोदा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका सुमा मंडल एवं दीप्ति विश्वास उपस्थित थे।

# हरजु गरजु संघ का 'होली हुड़दंग' मुलुंड में

**मुंबई-** हरजु गरजु संघ एवम युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा ह्होली हुड़दंगह्व का आयोजन मंगलवार दिनांक 7.3.2023 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक भानबाई निवास, एम.जी.रोड, मुलुंड प.पर किया गया है।



आयोजक डॉ.बाबुलाल सिंह एवम डॉ.सचिन सिंह ने बतलाया है कि आजमगढ के सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक चंद्रशेखर पटेल, नरेंद्र भारती अपने फगुआ,लोकगीतों के माध्यम से सभी का मनोरंजन करेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में चरण सिंह सप्रा( कार्याध्यक्ष मुंबई कांग्रेस),गणेश कुमार यादव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुंबई कांग्रेस), बी.के.तिवारी,सुनील गंगवानी(पुर्व नगरसेवक),अब्राहम राय मणी (अध्यक्ष ई.मुंबई जिला कांग्रेस),गोविंद सिंह, डॉ.आर.आर. सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता),विजय यु. सिंह (अध्यक्ष उत्तर भारतीय संघ मुलुंड),के.एन.सिंह (अध्यक्ष उत्तर भारतीय मित्र मंडल), दयाशंकर सिंह (महासचिव उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),समाज सेवक बीरेन्द्र पाठक,डॉ.दीपक सिंह, संदीप गंगाराम वर्मा,अरुण दीक्षित, रमेश सिंह, अमित गुप्ता,रमेश जायसवाल, विजय ठक्कर, धर्मेंद्र सिंह, शीतला प्रसाद सिंह सहित मुलुंड के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

सह आयोजक डॉ.आर.एम.पाल, सुरेंद्र मिश्रा, मोहित सिंह,बबीता गुप्ता, शरीफ खान,राकेश मिश्रा, मनोज सिंह ने सभी लोगों से होली हुड़दंग में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो नर्सिंग में बनाइये करियर

## नर्सिंग में है स्वर्णिम करियर और मानवता की सच्ची सेवा

**- संध्या चंद्रसेन (सचिव, विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी, बिलासपुर छत्तीसगढ़)**


**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** मानवता की सेवा के लिए नर्सिंग जॉब को सबसे बेहतर माना जाता है। यदि आपमें मानव सेवा की भावना, मरीजों का हौसला बढ़ाने की क्षमता, स्वभाव में सादगी और विनम्रता है तो आप एक आदर्श नर्स बनकर





अपना करियर बना सकती हैं।

मेडिकल के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। इस कारण अब पहले से ज्यादा नर्सों की मांग होने लगी है। नर्सिंग में पैसा तो है ही मानवता की सेवा करने का सच्चा अवसर भी मिलता है। साथ ही लोगों की दुआएं भी मिलती हैं। नर्सिंग के काम में जोखिम और चुनौती जरूर है, लेकिन हमें उन रोगियों की देखभाल करना होता है, जो खुद ही तनावपूर्ण स्थितियों में होते हैं। ऐसी स्थिति में भी हमें उनका हौसला अफजाई करना होता है। उनके लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखनी होती है । नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा ऐसा पेशा है, जिसमें मरीजों की चौबीस घंटे निगरानी रखनी होती है । सेवा जब शीर्ष पर पहुंचती है तो नर्सिंग का रूप ले लेती है। चिकित्सक की अपेक्षा नर्स मरीज की बेहतर सेवा करती है। नर्स हर समय मरीज के पास होती है और उसके हर दुःख का ख्याल करती है । उसकी बेहतर देखभाल करती है जिससे मरीज शीघ्र स्वास्थ्य लाभ करता है। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसाइटी विगत चार सालों से चल रही एक पंजीकृत संस्था है। ये उपासना एजुकेशन ट्रस्ट की ट्रेनिंग पार्टनर है। यहां प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अनेक प्रकार के कोर्स कराए जाते हैं। इनमें जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (कोर्स अवधि - 9 महिने) और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) (कोर्स अवधि- 3 महीने ) व (मेडिकल लैब टेक्नीशियन) (कोर्स अवधि - 9 महीने) आदि कोर्स कराए जाते है। हमारा उद्देश्य किन्ही कारणों से पढ़ाई छोड़ चुके विद्यार्थियों को कम फीस में कौशल प्रशिक्षण देने का है ।ये कोर्स दसवीं ,बारहवी पास किसी भी आयुवर्ग के लोग कर सकते हैं। जो विद्यार्थी आर्थिक कठिनाइयों की वजह से बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम आदि कोर्स नही कर पाते हैं ।उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। ये कोर्स करके बच्चे अपनी जीविका आसानी से चला सकते हैं । कोर्स करने के पश्चात मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट दिया जाया है।




कोपरगांव निवासी सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक, राजस्थान सेन मारू समाज ट्रस्ट मंडल नाशिक के पुर्व सेक्रेटरी स्वर्गीय रामचन्द्र जी रंगलाल जी चव्हाण के सुपोत्र, उद्योजक संतोष चव्हाण के सुपुत्र, मेरे पोते कृष्णा व BASVNT पिमपलगांव के PIDIYAR परिवार के कांतिलाल जी की सुपुत्री तनुजा के विवाह समारोह में समाज के मान्यवर।।




शिर्डी HOTEL साई गोल्ड में कोपरगांव निवासी संतोष रामचंद्र जी चव्हाण के सुपुत्र कृष्णा के कुंकुम कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष Ad. पुखराज जी राठोड़ येवम मान्यवर।।



होली के खूबसूरत रंगों की तरह,
आपको और आपके पूरे परिवार को,
हमारी तरफ से बहुत-बहुत रंगों
भरी उमंगों भरी शुभकामनाएं।
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
अनिल शर्मा
प्रबंधक - कदम कदम पर


ये रंगों का त्योहार आया है,
साथ अपने खुशियां लाया है,
हमसे पहले कोई रंग न दे आपको,
इसलिए हमने शुभकामनाओं का रंग,
सबसे पहले भिजवाया है...
होली की शुभकामनाएं
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
जे.पी.शर्मा
संरक्षक - कदम कदम पर



आओ मिलकर अपने अन्दर के नकारात्मक विचारों का दहन करें
और अपने जीवन में नये रंगों के साथ सकारात्मक विचारों का संचारण करें
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा
अशोक यू. शर्मा
समाजसेवक


खुशियां कभी न हो कम, बिखरे होली के ऐसे रंग
सदा खुश रहें आप अपनों के संग।
होली की हार्दिक शुभकामनाएं!!
हरिशंकर ( मुन्ना ) शर्मा
समाजसेवक


होली की गुलाल हो
रंगों की बहार हो,
एक बात खास हो,
सबके दिल में प्यार हो,
यही अपना त्योहार हो!
होली की शुभकामनाये
Happy
HOLI
आर.आर. शर्मा
समाजसेवक


ये रंगों का त्योहार आया है,
साथ अपने खुशियां लाया है,
हमसे पहले कोई रंग न दे आपको,
इसलिए हमने शुभकामनाओं का रंग,
सबसे पहले भिजवाया है...
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
सुर्यकांत वर्मा
समाजसेवक


होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
R.K
AGARBATTI
R. K. Mishra
BRAND & MARKETING BY :
M/s R. K. ENTERPRISES
Shop No. 2 Ground Floor, 89/91, Dhanji Mulji Dhela,
Old Hanuman Gully, Kalbadevi Road, Mumbai - 400 002


रंगों की वर्षा, गुलाल की फुहार,
सूरज की किरणें, खुशियों की बौछार,
चन्दन की खुशबु, अपनों का प्यार,
मुबारक हो आपको होली का त्यौहार।
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
सभाजीत शर्मा
( बिल्डर्स / समाजसेवक )


होली के रंग खुशियां लाए
भगवान करे ये दिन
आपकी ज़िन्दगी में बार-बार आए
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
राजन शर्मा
संस्थापक, पब्लिकेशन राष्ट्रीय संपर्क संदेश (आरएसएस)
कल्याण (पूर्व) संपर्क - + 91 9920371732


होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
प्रसिद्धि ठाकुर
( बिल्डर्स / समाजसेवक )


मक्के की रोटी, नींबू का आचार,
सूरज की किरणे, खुशियों की बहार,
चांद की चांदनी, अपनों का प्यार,
मुबारक हो आपको, होली का त्योहार
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
राकेश डी. सेमुआ
समाजसेवक


रंगों के त्यौहार में सभी रंगों की हो भरमार
ढेर सारी खुशियां से भरा हो आपका संसार
यही दुआ है भगवान् से हमारी हर बार
होली मुबारक हो मेरे यार
होली की
हार्दिक
शुभेच्छा!
सतिश चंद्र गुप्ता
समाजसेवक

# सतीश बेलमकर मित्र मंडल को भारी जन समर्थन

चेंबूर ठक्कर बाप्पा कॉलोनी वार्ड नंबर 151 के नागरिकों को उनके घर के दरवाजे पर आधार सेतू सुविधा के तहत सतीश बेलमकर मित्र मंडल बिना किसी शुल्क के आधार, निवास तथा आय प्रमाण पत्र बनाने का काम गत कई महिनों से कर रहा है।

ठक्कर बाप्पा कॉलोनी संत शिरोमणि रविदास सभागृह के समीप आयोजित आधार शिविर में स्थानिक नागरिक नातू तासगावकर, प्रसाद परमार, जीतू खोरवाल ने पत्रकारों से




बातचीत करते हुए कहा कि सतीश बेलमकर मित्र मंडल हमारे विभाग में वह काम कर रहा है। जो आज तक किसी ने सोचा तक नहीं है। केंद्र सरकार ने हर उम्र के लोगों के लिए आधार अनिवार्य कर दिया है।

इस हालत में लोग पैसा हाथ में लेकर आधार कार्ड के लिये भटक रहे थे।जब कि इस संस्था की तरफ से बिना किसी मूल्य लोगों के ना केवल बिगड़े आधार ठिक किया जा रहा है।बल्कि नया आधार भी मुफ्त बनाया जा रहा है। इसलिये स्थानिक लोग इस मुफ्त योजना के लिये सतीश बेलमकर मित्र मंडल की दिल से सराहना कर रहे हैं।

**प्रस्तुतिः-कपिलदेव खरवार**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com




मा. जे. पी. शास्त्री जी को जन्मदिन पर
**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से **हार्दिक शुभेच्छा!**




# वीकेंड ट्रैवल डेस्टिनेशन में से एक है दमन

**मुंबई,** भारत का पश्चिमी तट पर बहुत सारे ट्रैवल डेस्टिनेशन हैं। इसी ट्रैवल डेस्टिनेशन में से एक है दमन का क्षेत्र। दमन कई लोगों के लिए वीकेंड डेस्टिनेशन है। यहां पर लोग केवल समुद्र तट ही नहीं, लोग कुछ स्वादिष्ट समुद्री भोजन और शराब के लिए भी जाते हैं। तो अगली बार जब आप उस क्षेत्र में हों, तो दमन को सप्ताहांत की छुट्टी के लिए विचार करें। और यहां ऐसी चीजें हैं जो आपको दमन में करने से बिल्कुल नहीं चूकना चाहिए।

**सेंट जेरोम फोर्ट को एक्सप्लोर करें**

शहर के सबसे साफ और रंगीन हिस्सों में से एक है नानी दमन में मौजूद, किला। न केवल आपको यहां शहर के सबसे पुराने प्रतिष्ठानों को देखने को मिलता है, बल्कि कुछ रंगीन पुर्तगाली औपनिवेशिक वास्तुकला और इमारतें भी हैं जो आपको कुछ गंभीर पॉन्डिचेरी वाइब्स देंगे। यह वह जगह भी है जहां कैथेड्रल ऑफ बोम जीसस स्थित है - एक चर्च जो 1603 ईस्वी में तैयार की गई थी।

दमन में दो प्रमुख बीच हैं जिनका नाम जम्पोरे और देवका है। आपको यहां पर न ही केवल सी-फूड सर्व किया जाएगा।यह बीच स्विमर्स का पसंदीदा स्पॉट है। यहां का वातावरण बेहद शांत और खुशनुमा है और आपको बहुत सुकून देगा। पिकनिक मनाने, दोस्तों के साथ इंजॉय करने के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं।बल्कि आप यहां पर एल्कोहल का भी लुत्फ ले सकते हैं। हालांकि एल्कोहल का सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक होता है। आपको यहां पर किफायती दामों में सी-फूड को एक्सप्लोर करने का मौका मिल सकता है। आरजे विला फार्महाउस सबसे स्वागत योग्य और आरामदायक परिवेश के साथ सबसे अच्छा वहां पर रुकने का स्थान हमने महसूस किया। यह अपने मेहमानों को सभी प्रकार के आराम और विलासिता की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो निश्चित रूप से आपकी अपेक्षाओं को पूरा करेगा। दोस्ताना स्टाफ अपने मेहमानों की अच्छी तरह से देखभाल करता है।













यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com